| |
|---|
| दिनांक 02.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 413/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद झाँसी/थाना नवाबाद</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 थार वाहन (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 02.08.2026 को थाना नवाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भगवंतपुरा जाने वाले रास्ते पर बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 थार वाहन (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद झाँसी के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना नवाबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नवाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—जितेन्द्र उर्फ जीतू निवासी सिद्देश्वर नगर जनपद झाँसी।

**<u>बरामदगी</u>**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 थार वाहन (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

<u>जनपद गाजीपुर/थाना गहमर</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 90 हजार 620 रूपये नगद**
- **लूट के पीली धातु के आभूषण**
- **चोरी के 02 मोबाइल फोन सहित 05 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 01.08.2026 को थाना गहमर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेवतीपुर बार्डर के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—सुधीर उर्फ ध्रुव 2—शमीम घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 90 हजार 620 रूपये नगद, लूट के पीली धातु के आभूषण, चोरी के 02 मोबाइल फोन सहित 05 मोबाइल फोन, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 29.07.2026 को थाना गहमर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गहमर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि लूट/चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सुधीर उर्फ ध्रुव के विरूद्ध जनपद मऊ, गाजीपुर, सुल्तानपुर, आजमगढ़ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 35 अभियोग एवं अभियुक्त शमीम के विरूद्ध जनपद गाजीपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गहमर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–सुधीर उर्फ ध्रुव निवासी ग्राम नोनरा थाना मरदह जनपद गाजीपुर।

2–शमीम निवासी ग्राम मलेठी थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट के 90 हजार 620 रूपये नगद।

2–लूट के पीली धातु के आभूषण।

3–चोरी के 02 मोबाइल फोन सहित 05 मोबाइल फोन।

4–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

5–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## <u>जनपद अलीगढ़/थाना खैर</u>

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **भारी मात्रा में चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 01 लाख 56 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के पैसो से क्रय की गई 01 कार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 02.08.2026 को थाना खैर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 03 अभियुक्तों 1–प्रभू 2–कैफ उर्फ मोहम्मद कैफ 3–गणेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से भारी मात्रा में चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 01 लाख 56 हजार रूपये नगद, चोरी के पैसो से क्रय की गई 01 कार, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 21.07.2026 को थाना खैर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना खैर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना खैर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रभू निवासी रूणकता थाना सिकन्दरा कमिश्नरेट आगरा।

2–कैफ उर्फ मोहम्मद कैफ निवासी रूणकता थाना सिकन्दरा कमिश्नरेट आगरा।

3–गणेश निवासी रूणकता थाना सिकन्दरा कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1–भारी मात्रा में चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 01 लाख 56 हजार रूपये नगद।

3–चोरी के पैसो से क्रय की गई 01 कार।

4–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस आदि।

## जनपद अमेठी/थाना बाजार शुक्ल

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 65 हजार रूपये नगद**
- **01 पिकअप वाहन आदि बरामद**

दिनांक 02.08.2026 को थाना बाजार शुक्ल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1–छेदी उर्फ अर्जुन 2–नरेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया एवं एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 65 हजार रूपये नगद, 01 पिकअप वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना बाजार शुक्ल क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बाजार शुक्ल पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–छेदी उर्फ अर्जुन निवासी गांधीनगर, पालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

2–नरेन्द्र कुमार निवासी भाऊपुर, गयासपुर थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1–चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 65 हजार रूपये नगद।

3–01 पिकअप वाहन आदि।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना गुलावठी**

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के मोबाइल टॉवर के 04 आरआरएच/आरआरयू डिवाइस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 कार बरामद**

दिनांक 01/02.08.2026 को थाना गुलावठी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1–प्रमोद 2–संजीव 3–पीयूष उर्फ पीलू 4–समसुद्दीन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के मोबाइल टॉवर के 04 आरआरएच/आरआरयू डिवाइस, घटना में प्रयुक्त 01 कार बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.06.2026 को थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा मोबाइल टावर से चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद डिवाइस चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना गुलावठी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–प्रमोद निवासी ग्राम कुराना थाना टप्पल जनपद अलीगढ़।

2–संजीव निवासी ग्राम कुराना थाना टप्पल जनपद अलीगढ़।

3–पीयूष उर्फ पीलू निवासी ग्राम सुखलालपुर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

4–समसुद्दीन निवासी ग्राम चचरई थाना जहाँगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 10 लाख रूपये कीमत की चोरी के मोबाइल टॉवर के 04 आरआरएच/आरआरयू डिवाइस।

2–घटना में प्रयुक्त 01 कार।

————————